सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 170 | इंदौर, गुरुवार 28 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Weather: कड़ाके की ठंड से कांपी दिल्ली, जमीन से लेकर आसमान तक यातायात प्रभावित; 22 ट्रेन और 134 उड़ानों पर असर**
2. **Priyanka Gandhi: मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रियंका गांधी का नाम, ईडी ने चार्जशीट में लगाए ये आरोप**
3. **Canada: निज्जर हत्याकांड में दो संदिग्धों को जल्द गिरफ्तार कर सकती है कनाडा पुलिस, रिपोर्ट में बड़ा दावा**
4. **Amit Shah: अमित शाह का तेलंगाना दौरा आज, लोकसभा चुनाव के लिए बनेगा रोडमैप, जानिए पूरा कार्यक्रम**
5. **Nitish Kumar : भाजपा नेता को याद करते हुए सीएम नीतीश कुमार दिल्ली रवाना, जदयू की महाबैठक में होंगे शामिल**
6. **Congress Foundation Day: संघ के गढ़ में कांग्रेस भरेगी हुंकार, 'हैं तैयार हम' महारैली से बजेगा 2024 का बिगुल**

# गुना हादसा : अब सिर्फ रूदन और कई रिश्ते खत्म

## 15 साल पुरानी बस, न फिटनेस, न बीमा?



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

गुना। गुना में बस में लगी आग ने 13 जिंदगियों के साथ कई रिश्तों को भी खत्म कर दिया। बस में सवार ज्यादातर लोग गुना से अपने घर आरोन लौट रहे थे। परिजन उनका इंतजार कर रहे थे कि खबर आई बस में आग लग गई। अस्पताल के बाहर अपनों की तलाश में पहुंचे, मोबाइल में बार-बार उनके फोटो वहां मौजूद लोगों को दिखाते रहे, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। उधर, हादसे के बाद पुलिस की जांच में पता चला कि बस 15 साल पुरानी थी उसका न फिटनेस था न बीमा।

### ◆ बेटी को इंदौर से घर बुलाया था

अस्पताल के बाहर रोते हुए एक बुजुर्ग महिला अपनी बेटी को याद कर रही थी। उन्होंने बताया कि बेटी को घर बुलाया था, वो इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। अस्पताल में सभी से पूछ लिया लेकिन वो मिल नहीं रही है ना ही उसके बारे में कोई कुछ बता पा रहा है। बुजुर्ग महिला के साथ आए स्वजनों की आंखों में से भी आंसू नहीं थम रहे।

### ◆ कोचिंग पढ़कर वापस आरोन जा रहा था छात्र

11वीं कक्षा का छात्र सक्षम कुशवाह भी इसी बस में सवार था, जो प्रतिदिन कोचिंग के लिए गुना परिमाल चौहान से पढऩे गुना आता था। बुधवार को भी कोचिंग पढऩे के बाद सिकरवार बस से आरोन जा रहा था। लेकिन उसका अभी तक कोई पता नहीं चला है। उसके स्वजन जिला अस्पताल में उसका फोटो दिखाकर जानकारी ले रहे हैं। लेकिन अभी तक उसकी कोई जानकारी नहीं लगी है।

### ◆ जमानत पर स्वजन के साथ घर जा रही थीं हल्की बाई

बस हादसे में घायल हल्की बाई ओझा स्वजनों के साथ इसी बस में सवार थीं। उन्हें बुधवार को ही जमानत मिलने पर वापस अपने घर आरोन जा रही थीं। इस हादसे में उनके एक स्वजन की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। हल्की बाई व स्वजन को करीब तीन-चार दिन पहले शासकीय कार्य में बाधा के चलते जेल भेजा गया था।

### ◆ न फिटनेस, न बीमा ?

बस में आग लगने की घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग जमा हो गए। सडक़ पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिसकर्मी इसे ठीक कराते नजर आए। बस भानु प्रताप सिकरवार के नाम पर रजिस्टर्ड है। उसकी हालत खटारा थी। बस 2008 में खरीदी गई थी। आरटीओ के मुताबिक, इसका फिटनेस सर्टिफिकेट फरवरी 2022 तक ही वैलिड था।

# भोपाल के बाद इंदौर में भी बीआरटीएस हटाने की कवायद

◆ बीआरटीएस पर दो याचिकाएं हाईकोर्ट में विचाराधीन है

**याचिकाकर्ता का कहना है कि बीआरटीएस का मूल उद्देश्य ही पूरा नहीं हुआ है**

इन्दौर। भोपाल का बीआरटीएस चरणबद्ध तरीके से हटाए जाने पर मुख्यमंत्री की सहमति होने के बाद अब इंदौर के बीआरटीएस को लेकर भी कवायद शुरू हो गई है। इस मामले में दो याचिकाएं हाईकोर्ट में विचाराधीन हैं, जिन पर अंतिम बहस होना है। याचिकाकर्ता किशोर कोडवानी का कहना है कि भोपाल में लिए गए निर्णय का वह कानूनी बिंदुओं पर अध्ययन कर रहे हैं और इस आधार पर हाईकोर्ट में आवेदन लगाकर इंदौर का बीआरटीएस भी हटाए जाने का आग्रह करेंगे। उल्लेखनीय है कि उक्त दो जनहित याचिकाओं में से एक वर्ष 2013 में और दूसरी वर्ष 2015 में पेश की गई थी। इनमें कहा गया है कि शहर की मात्र दो प्रतिशत जनता के लिए सरकार ने 48 प्रतिशत सड़क पर बीआरटीएस बना रखा है। यह आम आदमी के समानता के अधिकार का हनन है। इस प्रोजेक्ट की वजह से जितने लोगों को फायदा पहुंच रहा है उससे कहीं ज्यादा लोग इसका नुकसान उठा रहे हैं। बीआरटीएस सड़क पर मात्र 2.3 प्रतिशत यात्री यात्रा कर रहे हैं, जबकि शेष सड़क पर 97.7 प्रतिशत यात्री यात्रा करने को मजबूर हैं। इस तरह 50 हजार यात्रियों की सुविधा के लिए 25 लाख लोगों को परेशानी झेलना पड़ रही है। याचिकाकर्ता का कहना है कि बीआरटीएस का मूल उद्देश्य ही पूरा नहीं हुआ है। इसका उद्देश्य निजी वाहनों की संख्या कम करना, सभी वर्गों के लिए लोक परिवहन उपलब्ध कराना, लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराना था, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

## दत्तजयंती महोत्सव मनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जांगड़ा पोरवाल समाज ने बुधवार (27 दिसंबर) को दत्तजयंती महोत्सव छत्रीबाग स्थित नर्सिंग मंदिर में मनाया। समाज के



अध्यक्ष सुभाष धनोतिया एव सचिव श्यामसुंदर राणापुरवाला ने बताया कि दत्तजयंती के पावन दिवस पर रामस्नेही संत श्री श्री 1008 आचार्य श्री रामदयालजी महाराजश्री के कर कमलों द्वारा जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा पारमार्थिक चिकित्सालय का लोकार्पण हुआ। डॉ. गोवर्धनलालजी पोरवाल सहित समाज के कई चिकित्सक यहां अपनी स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं प्रदान करेंगे , जिनकी सेवाओ से कई समाजबंधु लाभान्वित होंगे। उत्सव समिती के मोहन धनोतिया एव श्रीराम मांदलिया ने बताया कि इस अवसर पर भगवान दत्तात्रेय एव भगवान लक्ष्मीनर्सिंग का आकर्षक श्रंगार कर सुबह कांकडा आरती की गई उसके पश्चात श्री रामदयालजी महाराज के प्रवचन एव प्रासाद वितरण किया गया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजनों ने उपस्थित होकर धर्मलाभ लिया।

## शहीद सिक्खों की शहादत में हुआ कीर्तन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहीद गुरुपुत्रों की शहादत में इमलीदास गुरूद्वारे में कीर्तन सम्पन्न हुआ । इनके द्वारा बताया गया कि, किस तरह से गुरू गोविन्द सिंह के परिवार के साथ घटना की गई थी । श्री गुरु नानक निष्काम सेवा सोसायटी 6 वर्ष से गुरु गोबिंद सिंह जी की माता माता गुजरीजी गुरुजी के 4 साहिबजादे और कई सिंघो का शहीदी दिवस मना रहे हैं। सबसे बड़े पुराण दिवत्त को श्रद्धापूर्व मनाया गया। उक्त भजन कीर्तन में कई कीर्तनकारों ने उपस्थित होकर अपनी प्रस्तुत दी तथा कीर्तन पश्चात दूध का प्रसाद वितरण कर लंगर का प्रसाद वितरित किया गया ।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com



# नए साल की गणेशजी के दर्शन से होगी शुरूआत

◆ खजराना मंदिर में 5 से 6 लाख भक्तों के पहुंचने की उम्मीद

**मंदिर प्रशासन ने प्रवेश व्यवस्था में किया बदलाव**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नए वर्ष में इस बार भी खजराना गणेश मंदिर में 6 लाख से ज्यादा भक्तों के पहुंचने की उम्मीद। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा 1 जनवरी की व्यवस्थाओं को लेकर मंदिर प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है। इस बार प्रवेश व्यवस्था में कुछ बदलाव किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक अधिकांश गणेश भक्त नए वर्ष की शुरूआत भगवान गणेश जी के दर्शन के साथ करना चाहते हैं इसलिए प्रतिवर्ष खजराना गणेश मंदिर में 1 जनवरी को बड़ी संख्या में गणेश भक्त भगवान गणेश जी के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। पिछले वर्ष लगभग साढ़े 5 लाख से ज्यादा भक्त 1 जनवरी को भगवान गणेश जी के दर्शन के लिए पहुंचे थे। इस बार यह संख्या बढ़कर लगभग 6 लाख तक पहुंचाने की उम्मीद है। इसे देखते हुए खजराना गणेश मंदिर प्रबंध समिति द्वारा 1 जनवरी की व्यवस्थाओं की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं । आज मंदिर परिसर में शाम 5:00 बजे इसे लेकर एक बैठक मंदिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष और कलेक्टर इलैया राजा टी और मंदिर की प्रशासक नगर निगम आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई है। जिसमें एक जनवरी के लिए मंदिर की दर्शन व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एक्सपो 5 जनवरी से लाभगंगा में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्य भारत के सबसे बड़े एसएमई सम्मेलन इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग एक्सपो का आयोजन मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के स्थानीय लाभगंगा गार्डन में 5 से 8 जनवरी तक किया जाएगा । इसमें निमार्ताओं , विक्रेताओं और खरीदारों को उद्योग क्षेत्र में हो रही नई तकनीक और खोजों के बारे में जानकारी मिल सकेगी । एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश फ्यूचर इवेंट्स के तत्वावधान में होने वाले इस एक्सपो में 300 से ज्यादा स्टॉल लगाए जायेंगे और छोटी - बड़ी कंपनियां भाग लेंगी ।

# 50 वर्ष पुराने छात्रों ने मिलकर पुरानी यादों को किया ताजा

◆ श्री जीएसआईटीएस के 73 बेच पूर्व छात्रों ने खेले मनोरंजक गेम्स, की धमाल मस्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। किसी ने हीरो की एक्टिंग की तो किसी ने अपने शिक्षक की नकल। कोई बलून लेकर पहुँचा तो कोई पतंग। मोका था श्री जीएसआई टी एस के 1973 बेच के छात्रों की मस्ती की पाठशाला। लगातार दो दिनों तक यह आयोजन सिमरोल स्थित सेठजी की बाड़ी मे हुआ। जिसमें इंदौर, मुंबई, दिल्ली, पुणे, नोयडा, बेंगलूरु सहित विदेश से आये करीब 60 छात्रों ने भाग, लिया।**

समिति सदस्य नरेंद्र जैन लल्ला, देवेंद्र लाड़ ने बताया कि जो छात्र पूरे 5 दशक बाद मिले तो उनके लिए तो यह सबसे यादगार पल रहा। जी भरके मिले और उन्होंने एक दूसरे को पुराने निक नेम से ही बुलाया। साथ मिलकर संवाद किया लेकिन छेड़खानी करने से बाज नही आये। दोस्तो ने अपने पुराने अनुभवो मे बताया कि उस दौर में कम तकनालॉजी थी लेकिन शांति थी। ना ज्यादा परिवहन के साधन थे और ना मारामारी। अधिकांश छात्र साइकिल से संस्थान आते थे तो शिक्षकों के पास लूना या फिर स्कूटर होता था।

जो छात्र जीटी लगाता उसको डाट पड़ती थी, हालांकि अधिकांश छात्र तो शिक्षकों की सख्ती से डरते थे। अशोक बंडी और प्रकाश सालगिया ने बताया कि एक बात तय है आज हम जो कुछ भी है उसमें शिक्षकों की बड़ी भूमिका रही, उनको हम जितना धन्यवाद दे कम है। श्रीनिवास भराणी और जयंतीलाल राठौर ने कहा कि ऐसी सखती बहुत जरूरी है।

# अब मोहन-कैलाश गुट का सूत्रपात, बदलने लगे राजनीतिक समीकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जो नेता सत्ता में बड़ी भूमिका में रहते है, तो जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी,नेता उनसे जुड़ना पसंद करते है। भाजपा की राजनीति में बीते 30 वर्षों से हमेशा एक गुट मजबूत स्थिति में रहा और उस गुट से जुड़े नेता फायदे में रहे। 18 साल बाद मध्य प्रदेश में शिवराज, तोमर गुट का सूर्यास्त हुआ है और मोहन-कैलाश गुट का सूत्रपात।

अब नेता इस गुट से जुड़ने के गणित जमा रहे है। फिलहाल मध्य प्रदेश में जो गुट मजबूत हुआ है। उसके नेता संघ के सरकार्यवाह रहे सुरेश सोनी से जुड़े हुए है। मंत्रीमंडल गठन में भी इस गुट की चली। भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय भले ही मुख्यमंत्री नहीं बन पाए, लेकिन वे अब मजबूत स्थिति में है क्योंकि मुख्यमंत्री मोहन यादव से उनका राजनीतिक तालमेल पहले से ही अच्छा है। मंत्रीमंडल में वे और प्रहलाद पटेल ही सबसे सीनियर मंत्री है। अब यह देखना है कि दोनो को कौन सा विभाग मिलता है। शिवराज के मुख्यमंत्री नहीं बनने का नुकसान मालवा निमाड़ में कुछ विधायकों को उठाना पड़ा। अर्चना चिटनीस के मंत्री बनाए जाने की चर्चा थी, लेकिन वे नहीं बन पाई। शिवराज तोमर गुट से जुड़ी मालिनी गौड़ भी मंत्री नहीं बन पाई। संघ हमेशा उषा ठाकुर के लिए मददगार रहा है, लेकिन इस बार वे भी मंत्री बनने से वंचित रही। विजयवर्गीय से जुड़े आलीराजपुर विधायक नागर सिंह चौहान और मोहन यादव की पसंद से चैतन्य कश्यप मंत्री बन गए।



## मोहन-कैलाश गुट से जुड़ने लगे विधायक

पहले ज्यादातर विधायक शिवराज तोमर गुट से जुड़े थे, लेकिन अब वे पाला बदलने लगे है और मोहन- कैलाश गुट के प्रति आस्था जताने लगे है। इस गुट में पहले से ही विधायक रमेश मेंदोला, पुष्यमित्र भार्गव, जीतू जिराती, उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल सहित अन्य नेता है। ज्योतिरादित्य गुट के तीन विधायकों को जगह देकर इस गुट ने ज्योतिरादित्य समर्थक विधायकों का साथ लिया है। गोलू शुक्ला, मधु वर्मा, जयपाल सिंह चावड़ा सहित अन्य नेता भी विजयवर्गीय मोहन गुट से नजदीकी बढ़ाने लगे है।

## यह गुट रहे प्रदेश में मजबूत

अलग-अलग कालखंड में मध्य प्रदेश की राजनीति में कई गुट मजबूत स्थिति में रहे और उस गुट से जुड़े नेताओं को आगे बढ़ने के कई अवसर मिलते रहे। 90 के दशक में ठाकरे- पटवा गुट अस्तित्व में आया। तब अविभाजित मध्य प्रदेश में ठाकरे की पसंद से ही टिकट तय होते थे। इस गुट से जुड़े विक्रम वर्मा, सुमित्रा महाजन, कृष्णमुरारी मोघे, राजेंद्र धारकर मजबूत स्थिति में रहे। मोघे को संगठन महामंत्री का पद भी उस दौर में ठाकरे ने दिया था। यह गुट लंबे समय तक मजबूत स्थिति में रहा। 2000 के दशक में शिवराज-तोमर गुट का उदय हुआ और यह सबसे लंबे समय तक प्रदेश में सक्रिय रहा। इस गुट ने राजनीतिक अदावत रखने वालों को भी साइड लाइन करने में कोई कसर नहीं रखी। अब मोहन और विजयवर्गीय गुट अस्तित्व में आया है। इसके चलते अब विजयवर्गीय राष्ट्रीय महासचिव पद से भी इस्तीफा देंगे और पूरी तरह प्रदेश की राजनीति पर ही फोकस करेंगे।

# कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

◆ तीन दिवसीय अभियान चलाकर सीमांकन के प्रकरणों का किया जाएगा निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के अध्यक्षता में बुधवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल, श्रीमती सपना लोवंशी, श्री रोशन राय, श्री राजेन्द्र रघुवंशी एवं श्रीमती निशा डामोर उपस्थित रहे तथा सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े। बैठक में मुख्य रूप से राजस्व प्रकरणों एवं नामांतरण, बटवारा, सीमांकन के प्रकरणों की समीक्षा, राजस्व वसूली की समीक्षा एवं अन्य विषयों के संबंध में चर्चा की गई।**

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने अविवादित/विवादित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा के अंतर्गत निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सीमांकन के प्रकरण अधिक संख्या में होने के कारण गुरुवार 28 दिसंबर से तीन दिवसीय अभियान संचालित कर सभी अनुविभागों में लंबित सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ आम जनों की राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण करना सुनिश्चित करें। नागरिक किसी भी तरह से परेशान ना हो तथा ज्यादा पेंडेंसी ना बढ़ाई जाए इसके प्रति जीरो टॉलरेंस का रवैया अपनाया जाए। सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में राजस्व कार्यों की प्रगति के लिए नियमित रूप से निरीक्षण कर लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि एवं स्वनिधि योजना के आवेदनों पर भी विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए।

# सांवेर विकास योजना एवं इंदौर मास्टर प्लान 2041 की रिव्यू बैठक आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में विकास योजना एवं इंदौर मास्टर प्लान 2041 की रिव्यू बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह सहित टीएनसीपी के अधिकारीगण उपस्थित रहे।**

बैठक में सांवेर विकास क्षेत्र के प्रपोजल एवं इंदौर मास्टर प्लान पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने टीएनसीपी अधिकारियों को सांवेर एक्सटेंडेड प्लानिंग एरिया के प्रपोजल को सभी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने इंदौर मास्टर प्लान के संबंध में निर्देश दिए कि प्लान में वर्गीकृत किए गए क्षेत्रों का भौतिक सत्यापन अवश्य कराया जाए। पिछली योजना की विसंगतियों को दूर कर सड़क की चौड़ाई के अनुरूप मिश्रित भूमि उपयोग योजना बनायें। इस प्रक्रिया में सभी स्थानीय निकायों और हितधारकों को शामिल किया जाना चाहिए। टीएनसीपी के संयुक्त संचालक श्री शुभाशीष बैनर्जी ने बताया कि महाकाल लोक के निर्माण से बढ़ रही पर्यटकों की संख्या तथा इंदौर उज्जैन कॉरिडोर को दृष्टिगत रखते हुए सांवेर के नियोजित विकास हेतु सांवेर विकास योजना तैयार की जा रही है। आउटर रिंग रोड के निर्माण को देखते हुए भी सांवेर निवेश क्षेत्र की सीमाओं का परिसीमन किया जाना आवश्यक हो गया है।

# विद्युत चोरी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं एवं जागरूकता चलाएं

## ऊर्जा सचिव रघुराज एमआर. ने बोर्ड मिटिंग में दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विद्युत चोरी, अनियमितता सामाजिक बुराई है, इसे रोकने के लिए पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी प्रभावी कदम उठाएं। व्यापक जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। बिजली चोरी रूकने से न केवल कंपनी का नुकसान घटेगा, बल्कि आमजन की सुरक्षा भी पुख्ता होगी।**

प्रदेश के ऊर्जा सचिव एवं मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के चेयरमैन रघुराज एमआर. ने बुधवार को यह बात कहीं। कंपनी के निदेशक मंडल की मिटिंग में वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़ते हुए उन्होंने कहा कि राजस्व बढ़ाना और लॉस घटाना सर्वोच्च प्राथमिकता में है, इसे कंपनी के सभी अधिकारी, कर्मचारी गंभीरता से ले। श्री रघुराज एमआर. ने पश्चिम क्षेत्र कंपनी की वर्तमान प्रचार प्रसार गतिविधियों पर संतुष्टि जताते हुए सराहना भी की। उन्होंने कहा कि इंजीनियरों का काम आपूर्ति के साथ लक्ष्य आधारित राजस्व संग्रहण करना है, इस दिशा में वार्षिक गोपनीय चरित्रावली (सीआर) में भी उल्लेख किया जाए। उन्होंने कंपनी को वित्तीय वर्ष के अंतिम तीन माह में तीन हजार करोड़ का राजस्व संग्रहण करने के लिए दैनिक लक्ष्य आधारित कार्य योजना के लिए कहा। इस दौरान प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने राजस्व संग्रहण, आपूर्ति, विद्युत चोरी रोकने, विजिलैंस के कार्य व अन्य प्राथमिकताओं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान ओएसडी विजय गौड़, वित्त विभाग के उप सचिव श्री रूपेश पथवार, निदेशक डॉ. राकेश सक्सैना, डॉ. अरूणा तिवारी, डॉ. प्रशांत सालवन, मुख्य महाप्रबंधक रिंकेश कुमार वैश्य, मुख्य वित्त अधिकारी नरेंद्र बिवालकर, कंपनी सचिव श्रीमती आराधना कुलकर्णी ने भी विचार रखे।



# लालबाग घूमने गए बच्चों को दिखा ढेर सारा कचरा शिकायत करने के बजाय खुद ही कर दी सफाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर के लोगों की रग-रग में स्वच्छता इस तरह से घुल चुकी है कि वे जहां पर भी जाते हैं इसका उदाहरण पेश कर देते हैं। इंदौर की बस्तियों के बच्चों को लालबाग में घुमाने ले जाया गया। सीआईआई (कान्फिडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्रीज) के यंग इंडियंस इंदौर चैप्टर ने बस्ती फाउंडेशन के बच्चों के लिए यह टूर प्लान किया। शहर की विभिन्न बस्तियों के बच्चे जब बच्चे वहां पर पहुंचे तो उन्हें ढेर सारा कचरा दिखा। पहले तो सभी को ख्याल आया कि वे इसकी शिकायत करें लेकिन फिर सबने सोचा कि शहर को साफ रखना तो हमारी भी जिम्मेदारी है तो क्यों न पहले हम ही इसे साफ कर दें। यंग इंडियंस चैप्टर के चेयर राहुल सिंघल और को चेयर आरती जाजू ने कहा कि जब हम बच्चों को लालबाग घुमाने के लिए गए तो वहां पर बहुत सारा कचरा पड़ा था। पहले हमें लगा कि निगम के किसी अधिकारी से शिकायत करें और सफाई करवाएं लेकिन फिर सभी ने पूरा कचरा मिलजुलकर साफ किया। हमने बच्चों को भी यह संदेश दिया कि शहर के प्रति सबसे पहला दायित्व हम सभी का है। खामी होने पर शिकायत करना जरूरी है लेकिन यह शहर हमारा भी है और यदि हम खुद उसे साफ कर सकते हैं तो पहले हमें ही उसे साफ करना चाहिए। बच्चों ने लालबाग में कई जगह पर पड़ा प्लास्टिक इकट्ठा किया और उसे एक जगह करने के बाद डस्टबिन में डाला। बच्चों ने गीला सूखा कचरा भी अलग अलग रखा। इसी के साथ सबने यह संकल्प लिया कि जिस तरह से आज उन्होंने लालबाग जैसे पर्यटक स्थल को साफ किया उसी तरह से वे सब अपनी बस्तियों को भी हमेशा स्वच्छ रखेंगे।





# नववर्ष पर महाकाल मंदिर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को चारधाम से मिलेगा प्रवेश

◆ टिकिट लेकर शीघ्र दर्शन की व्यवस्था पूर्णतः बंद रहेगी, कलेक्टर, एसपी ने बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं एसपी सचिन शर्मा ने नववर्ष के अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक तैयारियों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होने महाकाल लोक स्थित कंट्रोल रूम में बैठक लेकर निर्देश दिये कि दर्शनार्थियों को भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन सुलभ हो सकें, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। सामान्य श्रद्धालुओं को चारधाम मन्दिर के पार्किंग स्थल से निर्धारित प्रवेश देकर शक्तिपथ त्रिवेणी संग्रहालय के समीप से नंदी द्वार, श्री महाकाल लोक, मानसरोवर भवन, फेसिलिटी सेंटर-1, टनल, नवीन टनल-1, गणेश मण्डपम से भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन कराये जायेंगे। दर्शनार्थी दर्शन उपरांत आपातकालीन निर्गम द्वार से बाहर की ओर बड़ा गणेश मन्दिर के समीप होते हुए हरसिद्धि मंदिर तिराहे से चारधाम मन्दिर पहुंचकर अपने गन्तव्य की ओर प्रस्थान करेंगे। 250 रुपए टिकट की शीघ्र दर्शन व्यवस्था प्रतिबंधित रहेगी।



### बुजुर्ग एवं दिव्यांगजन की होगी अलग व्यवस्था

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये हैं कि व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाये। बुजुर्ग एवं दिव्यांगों को निःशुल्क दर्शन व्यवस्थित ढंग से हो, इसके लिए अवन्तिका द्वार के एक नंबर गेट से प्रवेश देकर उन्हें सुलभ दर्शन कराया जाये। महाकाल लोक पर प्रसाद काउंटर लगाने के साथ ही दर्शनार्थियों के निर्गम होने के बड़े गणेशजी के आगे हरसिद्धि मन्दिर तरफ प्रसाद काउंटर अधिक लगाये जायें, ताकि श्रद्धालु आसानी से प्रसाद ले सकें। जहां-जहां पर पार्किंग व्यवस्था की जा रही है, वहां पर पार्किंग कंट्रोल रूम बनाया जाये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि बेगमबाग के वीआईपी गेट पर परमानेंट एम्बुलेंस खड़ी रहे।

### चारधाम मंदिर के पास बनेगा जूता स्टैंड

श्रद्धालुओं को चारधाम मंदिर प्रवेश के पास ही जूता स्टेण्ड बनाया जायेगा। ऐसे दर्शनार्थी जिन्हें सिर्फ महाकाल लोक में जाना है, वे चारधाम मंदिर से पृथक लाइन में प्रवेश कर पिनाकी द्वार से महाकाल लोक में प्रवेश करेंगे। तत्पश्चात इसी द्वार से बाहर प्रस्थान करेंगे।

# नीमच की युवती को राजस्थान में कार से कुचला, मौत

## जयपुर में दो साल से रह रही थी, गरीब मां-बाप की थी सहारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच। राजस्थान के जयपुर में जिस युवती को उसके ही दोस्त ने कार से कुचलकर मार डाला, वह मध्यप्रदेश के नीमच जिले की रहने वाली थी। अलसुबह हुई युवती की हत्या के बाद उसके गांव में मातम के साथ आक्रोश का माहौल है। लड़की के माता-पिता शव लेने जयपुर गए है। वहीं गांववालों की मांग है कि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।**

लड़की का नाम उमा सुथार(25) था। वह नीमच जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी दूर रतनगढ़ थाना क्षेत्र के खातीखेड़ा गांव की रहने वाली थी। वह इवेंट मैनेजमेंट का काम करती थी। दो साल पहले ही जयपुर में रहने लगी थी। यहां शांतिनगर में किराए से कमरा लिया था।

मृतक उमा सुथार का परिवार बहुत गरीब है। पिता मोतिलाल और मां मंजूबाई गांव में ही छोटे से कच्चे मकान में रहते हैं।

### पार्टी कर बाहर निकले थे, बीच सड़क हुआ विवाद

जयपुर के गिरधर मार्ग स्थित एवरलैंड विश होटल से मानसरोवर, जयपुर निवासी मंगेश अरोड़ा (35), श्रेया भारद्वाज (30), झुंझुनं, राजकुमार जाट (35) नीमच और नीमच निवासी उमा सुथार (25) मंगलवार अलसुबह करीब 5 बजे पार्टी कर बाहर निकले थी। इसके बाद चारों के बीच सड़क पर विवाद हो गया। आरोपी मंगेश अरोड़ा और एक युवती कार में बैठ गए। जबकि पीड़ित राजकुमार जाट और उमा सुथार पैदल जाने लगे। इसी दौरान कार सवार युवक ने दोनों पर गाड़ी चढ़ा दी।

### युवती पर कमेंट करने से शुरू हुआ झगड़ा

उमा के दोस्त राजकुमार जाट ने पुलिस को बताया कि मंगेश अरोड़ा ने उमा सुथार पर कमेंट किए थे। इसके बाद मंगेश से बहस हो गई। इस दौरान मंगेश अरोड़ा ने गाड़ी में रखा बेसबॉल का डंडा निकाला। फिर हमला कर दिया। इसके बाद मंगेश गाड़ी में बैठा और गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। वह गाड़ी से टकराकर दूर जा गिरा, जबकि उमा कार से कुचल गई। जयपुर पुलिस ने इस वारदात के मुख्य आरोपी मंगेश अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ धारा हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है, जिस समय आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया, उसे समय वह शराब के नशे धुत था।

# किसान का बेटा बना डीएसपी

◆ चयन होने पर बोले आशुतोष- ये कड़ी मेहनत और परिवार के सपोर्ट का परिणाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर। सीहोर के टिटोरा गांव में रहने वाले किसान परिवार के बेटे डीएसपी पद पर चयनित हुए है। बेटे के डीएसपी बनने से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है और सभी लोग बेटे को बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं।**

ग्राम टिटोरा में रहने वाले आशुतोष त्यागी महज 25 साल की उम्र में डीएसपी के पद के लिए चुने गए हैं। डीएसपी बने आशुतोष त्यागी ने बताया कि उनके डीएसपी बनने का पूरा श्रेय परिवार को जाता है। उनके दादा, पिता और चाचा ने कड़ी मेहनत करने के लिए उन्हें लगातार प्रोत्साहित किया और उसी का फल है कि वो आज वह डीएसपी बन गए हैं। आशुतोष ने बताया कि डेढ़ साल पहले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर भी उनका चयन हो गया था और वो उसी पोस्ट पर काम कर रहे थे। आशुतोष ने मिडिल स्कूल की पढ़ाई गांव में ही की और आगे की पढ़ाई सीहोर से की। फिर बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई करने के लिए इंदौर के कॉलेज में दाखिला लिया और और उसके साथ ही सिविल सर्विसेज की तैयारी लगातार करने लगे।

### 4 साल बाद जारी हुआ रिजल्ट

बता दें कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्य सिविल सेवा परीक्षा 2019 का फाइनल रिजल्ट आखिरकार जारी कर दिया है। इस परीक्षा के रिजल्ट का इंतजार अभ्यर्थी पिछले 4 साल से कर रहे थे। देर रात जारी हुए रिजल्ट एमपीपीएससी ने केवल 87 प्रतिशत पदों का रिजल्ट और मेरिट लिस्ट जारी कर की गई है, जबकि 13 प्रतिशत अभ्यर्थियों के नाम होल्ड कर दिए हैं। घोषित नतीजों में कुल 24 डिप्टी कलेक्टर, 19 डीएसपी, 17 कोषालय अधिकारी समेत वाणिज्यिककर अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला पंजीयक जैसे पदों के लिए घोषणा की गई है।

# तेज ठंड व कोहरे के बाद मावठा व ओले की संभावना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** दिसम्बर के आखिरी में ठंड तेवर दिखाने लगी है। दिनभर सर्द हवाएं सिहरन पैदा कर रही हैं। कोहरा तो अपना ही रिकार्ड ब्रेक कर रहा है। तीन दिन से शाम ढलते ही कड़ाके की ठंड का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। मौसमविदों ने ऐसा माहौल देखकर संभावना व्यक्त की है कि तेज ठंड व कोहरे के बाद तेज मावठा व कहीं कहीं ओले तक पड़ सकते हैं।

मौसम साफ रहने से सुबह देर तक कोहरा छाने लगा है। मौसम के इस रूख की वजह से सबसे ज्यादा दिक्कत सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को आ रही है। स्कूलों ने सुबह की पारी के समय में आंशिक बदलाव के बाद भी बच्चों को कोई खास राहत नहीं मिल रही है। कलेक्टर के आदेश से स्कूलों का संचालन भले ही सुबह 9 बजे से हो रहा हो लेकिन छोटे बच्चों को सुबह 7 बजे से ही बिस्तर छोडक? तैयार होना पड़ता है। कुछ बच्चे तो 2-3 किलोमीटर दूर से स्कूल पढने के लिये आते हैं। ऐसे बच्चों को कड़ाके की ठंड में और भी ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई अभिभावक स्वयं भी घने कोहरे के बीच में सुबह अपने छोटे बच्चों को लेकर दो पहिया वाहनों में स्कूल आते हैं। घने कोहरे के बीच पड़ती कड़ाके की ठंड में जब बड़े लोगों की हिम्मत जवाब दे रही है तो छोटे बच्चों का क्या हाल होगा इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। पारे में गिरावट से आमजन जीवन भी प्रभावित होने लगा है। सुबह बाजार देर से खुलने के साथ ही शाम ढलते ही चहल पहल और रौनक कम हो जाती है। स्वेटर और गर्म कपड़ों के साथ ही गरमागरम सामग्री की पूछ परख बढ़ गई है। बाजार में गजक, गराडू और सिके हुए हरे चने लोग पसंद कर रहे हैं। मौसम के मिजाज से जनस्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ने लगा है।

## दादी की हत्या के आरोपी पोते को आजीवन कारावास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** काम पर क्यों नहीं जाता कहने पर दादी की लकड़ी से वारकर हत्या करने के मामले में जिला न्यायालय ने आरोपित करण उर्फ कालू पुत्र गोविंद निवासी लिंगी फाटा को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी मनीष बरोले ने की। लोक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि घटना खंडवा जिले के पंधाना पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम लिंगी फाटा में 22 फरवरी 2023 की है। आरोपित करण को उसकी दादी देवीबाई ने काम पर जाने का कहा था। इस पर करण आक्रोशित हो गया और लकड़ी से अपनी दादी पर हमला कर दिया। इसमें देवीबाई की मौत हो गई। पंधाना थाना पुलिस ने जांच पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया था।

# 22 साल बाद फिर लगेगा बजट बाबा मेला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** इंदिरा सागर के आगोश में कई बड़े संतों की समाधियां जलमग्न हो गईं। पुरातन के घाट समुद्र बन गए। ऐसे ही जबगांव के बजट बाबा के मंदिर का निर्माण पीपलकोटा में हो रहा है। यहां 22 साल बाद फिर आस्था की हलचल दिखेगी। पहले की तरह मेला भी लगेगा। श्रद्धालुओं ने निशान भी चढ़ाए। नए रूप में 26 दिसम्बर 23 माघ माह की पूर्णिमा को सन्त बजट के निशान ग्राम पिपलकोटा में चढ़ाए गए। जिसमें हजारों लोगों ने बाबा के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया व प्रसादी ग्रहण की। नारायण पटेल विधायक का क्षेत्रवासियों ने तुलादान करवाया। ज्ञातव्य है कि निमाड़ के बड़े सन्त बजट बाबा का 22 वर्ष पहले तक प्रतिवर्ष जबगांव तहसील हरसूद में 15 दिवस का मेला लगता था। निशान चढ़ाए जाने की परंपरा थी। इंदिरा सागर जलाशय में ग्राम जबगांव डूब गया। तब से वहीं मेला लगना बन्द हो गया था। अब इस परंपरा को फिर शुरू किया जा रहा है। सन्त बजट बाबा कौन थे? कहां से आये थे और उनका जन्म कब, कहां हुआ था? यह रहस्य मात्र है। वे जब तक जबगांव ग्राम में रहे। उन्होंने अनेक चमत्कार किये। पीपलकोटा के मोहन पटेल ने 2008 में पीपलकोटा में बजट बाबा के मंदिर की नींव रखी और निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया।

New Delhi

# न्यू ईयर से पहले पहाड़ों पर सैलानियों की बाढ़, पिछले 10 दिनों में शिमला में हुई 1.60 लाख गाड़ियों की एंट्री, औली में भी होटल फुल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नए साल का जश्न मनान के लिए हिल स्टेशनों पर पर्यटकों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है. उत्तराखंड से लेकर हिमाचल के पहाड़ों में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है. शिमला पुलिस ने बुधवार को कहा कि पिछले 10 दिनों में 1.60 लाख से अधिक वाहन शिमला-कालका राष्ट्रीय राजमार्ग पर शोघी बैरियर को पार कर गए, जिनमें से लगभग 55,000-60,000 पर्यटक वाहनों ने शिमला जिले में एंट्री ली है.

चंडीगढ़ और दिल्ली से शिमला जिले में प्रवेश करने वाले वाहन शोघी बैरियर से होकर गुजरते हैं. पुलिस अधीक्षक (शिमला) संजीव कुमार गांधी ने बताया कि पुलिस ने सर्दियों के दौरान शिमला आने वाली पर्यटकों की बड़ी तादाद को ध्यान में रखते हुए राज्य की राजधानी में यातायात को नियंत्रित करने की योजना बनाई है. उन्होंने कहा कि पिछले 10 दिनों में



55,000-60,000 पर्यटक वाहनों ने शिमला जिले में प्रवेश किया है.

संजीव कुमार गांधी ने कहा, 'हमारा उद्देश्य सुचारू यातायात सुनिश्चित करना, कानून-व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखना है. बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है, मास्टर सीसीटीवी नियंत्रण चालू कर दिया गया है और यातायात की भीड़ पर नजर रखने के लिए ड्रोन से निगरानी शुरू कर दी गई है.'शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 300 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं.

गांधी ने कहा कि राजधानी में सुचारू यातायात प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए पर एंट्री प्वाइंट्स पर वाहनों को 20-30 मिनट के लिए रोका जा रहा है और कहा कि यहां आने वाले वाहनों में 100 प्रतिशत पर्यटक वाहन शामिल हैं.

वहीं उत्तराखंड के हिल स्टेशनों में भी भीड़ जमा होने लगी है, नैनीताल, कौसानी, लैंसडाउन, मसूरी, धनोल्टी और औली से पर्यटक स्थलों पर बड़ी संख्या में टूरिस्ट पहुंच रहे हैं.

Bihar

## बेटी का दो लाख में बाप ने किया सौदा पुलिस ने दलाल, दूल्हा और आरोपी पिता को दबोचा, इलाके में मचा हड़कंप

**भागलपुर, (एजेंसी)** बिहार से मानव तस्करी का सिलसिला थम नहीं रहा। जिलों से राजस्थान और अन्य राज्यों में शादी के नाम पर बेटियों के सौदे का खुलासा हुआ है। भागलपुर नवगछिया के दियरा की बेटी का उसके बाप ने ही दो लाख में राजस्थान के एक व्यक्ति से सौदा कर दिया। ए सूचना मिलने एक्टिव हुई रंगरा पुलिस की सूझबूझ से नाबालिग राजस्थान के लड़के के हाथ जाने से बच गयी। ओपी के तिनटगा दियारा ज्ञानीदास टोला के सिमरिया गांव में मंगलवार के देर रात एक नाबालिक लड़की की राजस्थान के लड़के के हाथ बिकने की सूचना पर रंगरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लड़की के बेचवाने वालेदलाल, खरीदने वाले राजस्थान के दूल्हा के साथ अन्य लोगों के साथ नाबालिग लड़की के पिता सहित अन्य लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि रंगरा सहायक थाना क्षेत्र के ज्ञानीदास टोला निवासी कारेलाल मंडल दियरा में गरीब परिवार के लोगों को पैसे का लोभ देकर नाबालिग बेटियों को दूसरे राज्यों के लोगों के हाथों बिकवाने का प्रमुख दलाल माना जा रहा है। इसने सिमरिया बिंद टोली के एक पिता की नाबालिग बेटी की शादी कराने को लेकर दलाल ने दो लाख में सौदा किया था।

Uttarakhand

## पेट्रोल पंप मालिक के घर में घुसे तीन बदमाश, गोली मारकर हत्या, पुलिस को किसी करीबी पर संदेह

**रुड़की, (एजेंसी)** रुड़की में पनियाला रोड पर एसआर पेट्रोल पंप के मालिक जोगेंद्र की देर रात तीन बदमाशों ने घर में घुसकर पांच गोलियां मारकर हत्या कर दी। कारोबारी की हत्या से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। जोगेंद्र की भाभी गीता चौधरी भाजपा पार्षद हैं। जानकारी के मुताबिक गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पनियाला रोड निवासी जोगेंद्र (40) का पनियाला रोड पर एसआर पेट्रोल पंप है। वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी करते थे। पनियाला रोड पर घर में ही उनका ऑफिस है। बुधवार की रात करीब 9:30 बजे वह अपने घर में बने ऑफिस में बैठे हुए कुछ काम कर रहे थे। इस दौरान घर की चाहरदीवारी फांदकर तीन युवक अंदर दाखिल हुए और सीधे उनके दफ्तर में जा घुसे।

Jharkhand

## रांची में हैवानियत की हदें पार, 54 साल की महिला से दुष्कर्म के बाद पत्थर से कूचकर मार डाला

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड की राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के बड़ा घाघरा की रहने वाली एक महिला का दुष्कर्म कर अपराधियों ने पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। बुधवार की सुबह महिला का शव उसके घाघरा स्थित मकान से मिला है। मृतक महिला का नाम सुकरो उराइन (54) है। वह मूलरूप से चुटिया की रहने वाली है। वर्तमान में बड़ा घाघरा में किराए का मकान लेकर रह रही थी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद डोरंडा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। इस दौरान पुलिस को खून से सना एक पत्थर मिला है। महिला के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के काफी निशान मिले हैं। पुलिस को प्रारंभिक जांच में करीबी के शामिल होने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस को सुबह साढ़े आठ बजे सूचना मिली कि एक महिला की हत्या कर दी गई है। पुलिस जब मौके पर पहुंची। पति गुमला में था। पुलिस को जब इसके बारे में पता चला तो पति दहरू उरांव को मामले की जानकारी दी। पुलिस की सूचना पर एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से कुछ चीजों को जब्त कर जांच के लिए अपने साथ ले गई।

खेल

# टी20 में सूर्यकुमार और टेस्ट में अश्विन-जडेजा का जलवा कायम, इंग्लैंड के साल्ट ने लगाई बड़ी छलांग

**नई दिल्ली। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट ने बड़ी छलांग लगाई है। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। हालांकि, भारत के सूर्यकुमार यादव की बादशाहत बरकरार है। अविश्वसनीय फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज साल्ट करियर की उच्चतम रेटिंग 802 पर पहुंच गए हैं।**



वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में साल्ट ने 119 और 38 के स्कोर बनाए और 18 स्थान की छलांग लगाई है। तीसरे स्थान पर पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (787) उनसे 15 रेटिंग अंक पीछे हैं। साल्ट की छलांग के बावजूद सूर्यकुमार यादव 887 अंक के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।

इंग्लैंड के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन ने भी बल्लेबाजी रैंकिंग में छलांग लगाई है। वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 54* और 28 की पारियों के बाद 27 स्थान ऊपर चढ़कर 38वें स्थान पर पहुंच गए। लिविंगस्टोन की ऑलराउंडर रैंकिंग में भी सुधार हुआ है और वह चार पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके नाम 175 रेटिंग प्वाइंट हैं। मोईन अली और पाकिस्तान के शादाब खान बराबर नौवें स्थान (173) पर हैं।

वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर अकील होसेन ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के आखिरी मुकाबले में चार ओवरों में 20 रन देकर दो विकेट लिए। इस प्रदर्शन की बदौलत वह श्रीलंकाई जोड़ी वानिंदु हसरंगा और महीश तीक्ष्णा (क्रमशः 679 और 677) को पछाड़कर दो स्थान ऊपर चौथे (683) पर पहुंच गए। गुडाकेश मोती ने एक ही मैच में 24 रन देकर तीन विकेट लिए और 75 स्थानों की छलांग लगाई, जबकि इंग्लैंड की ओर से रीस टॉपले दो मैचों में पांच विकेट की बदौलत 13 स्थान की छलांग के साथ शीर्ष 10 गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं।

इस बीच न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच वनडे सीरीज के साथ-साथ भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज के कारण रैंकिंग में कई छोटे-मोटे फेरबदल हुए हैं। शोरिफुल इस्लाम न्यूजीलैंड में बेहतरीन प्रदर्शन के कारण 24 स्थान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि भारत के युवा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह 41 स्थान ऊपर चढ़ गए, हालांकि वह अभी भी शीर्ष 100 से बाहर हैं।

बल्लेबाजी में, नजमुल हुसैन शांतो (नौ स्थान ऊपर 49वें स्थान पर) आगे बढ़े, जबकि दक्षिण अफ्रीका के टोनी डी जॉर्जी 39 स्थान आगे बढ़कर शीर्ष 100 में पहुंच गए। न्यूजीलैंड के खिलाफ सौम्य सरकार की 169 (151) रनों की शानदार पारी ने उन्हें 52 स्थानों पर चढ़ने में मदद की, जबकि संजू सैमसन भी 54 स्थानों की छलांग लगाकर 405 की रेटिंग पर पहुंच गए।

सौम्य सरकार ने क्राइस्टचर्च में द लिटिल मास्टर के 163* रन को पीछे छोड़ते हुए, न्यूजीलैंड में उपमहाद्वीप के किसी खिलाड़ी द्वारा सर्वोच्च वनडे स्कोर का सचिन तेंदुलकर का 13 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

सिनेमा

## साउथ के सुपरस्टार और DMDK नेता विजयकांत का निधन, कोरोना के चलते वेंटिलेटर पर थे



साउथ के सुपरस्टार और देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम (DMDK) फाउंडर विजयकांत का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। उन्होंने चेन्नई के एक अस्पताल में आखिरी सांस ली। अस्पताल ने स्टेटमेंट जारी करते हुए कहा कि उन्हें निमोनिया के कारण अस्पताल की भर्ती कराया गया था लेकिन, उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पार्टी ने मामले में बयान जारी करते हुए कहा कि वो कोरोना से पीड़ित थे और उन्हें अस्पताल में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। प्रसिद्ध तमिल अभिनेता और देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम (डीएमडीके) के संस्थापक विजयकांत, जिन्हें प्यार से कैप्टन के नाम से जाना जाता है, का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि उनकी कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई थी। जिसके बाद उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल प्रशासन ने वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा था। यहां गुरुवार सुबह उन्होंने आखिरी सांस ली। 71 वर्षीय अभिनेता से नेता बने विजयकांत को सर्दी और खांसी की गंभीर शिकायत थी। चेन्नई के एमआईओटी अस्पताल के मेडिकल बुलेटिन में कहा गया है कि उन्हें 26 दिसंबर को निमोनिया के कारण भर्ती कराया गया था।

# संपादकीय

## बहाने की आड़

दुनिया के किस दर्शन में मेहनतकश लोगों का इस आधार पर उपहास उड़ाया जाता है? सूचना तकनीक के क्षेत्र में रोजगार की अपनी अहमियत है, लेकिन किसी भी देश या राज्य के विकास में इमारतों से लेकर सडक़ों के निर्माण या साफ-सफाई के काम की कम भूमिका नहीं। क्या इसके बिना कोई भी राज्य या देश खुद को विकास की कसौटी पर पूर्ण बता सकता है? दक्षिण भारत के कई नेता अक्सर ऐसे बयान देते देखे जाते हैं, जिनमें हिंदी भाषियों या उत्तर भारत के लोगों के प्रति अपमान या उपहास का भाव होता है। मामले के तूल पकडऩे के बाद सफाई के तौर पर 'अलग आशय होने' जैसे बहाने की आड़ ले ली जाती है, मगर कुछ दिनों बाद फिर उसी तरह के बयान यही दर्शाते हैं कि भारत के ही एक हिस्से के लोगों के प्रति दक्षिण भारत के कुछ नेताओं के भीतर एक विचित्र कुंठा और दुराग्रह मौजूद है। ताजा मामला तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम सांसद दयानिधि मारन के बयान का है, जिसमें उन्होंने इतना भी खयाल रखना जरूरी नहीं समझा कि जिन लोगों के बारे में वे अपने आग्रह दर्शा रहे हैं, वे शौक से नहीं, बल्कि मजबूरी में अपने परिवार का जीवन चलाने के लिए अन्य राज्यों में जाते हैं। सुर्खियों में आए वीडियो में दयानिधि मारन ने कहा कि अंग्रेजी जानने वाले लोग सूचना तकनीक कंपनियों में मोटी तनख्वाह पाते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश या बिहार से तमिलनाडु आने वाले हिंदीभाषी लोग या तो निर्माण कार्य करते हैं या फिर सडक़ या शौचालय साफ करने जैसी छोटी-मोटी नौकरियां करते हैं। जाहिर है, उनके इस बयान के बाद एक बड़े तबके में भारी नाराजगी पैदा हुई, जो देश के भीतर भाषा, क्षेत्र और समुदाय के आधार पर विभाजन पैदा करने की कोशिशों का विरोध करते हैं। हालांकि इस मसले पर उठे विवाद के बाद द्रमुक ने इसे दयानिधि का पुराना बयान बताया, मगर सवाल है कि क्या किसी भी तर्क पर हिंदी भाषा और प्रवासी मजदूरों पर इस तरह की अपमानजनक और एक बड़े तबके की मेहनत को खारिज करने वाले बयान को उचित ठहराया जा सकता है? हिंदीभाषियों को लेकर ऐसे नेताओं का पूर्वाग्रह क्या देश की एकता की भावना को चोट नहीं पहुंचाता है? क्या वजह है कि अक्सर दक्षिण भारत और खासकर तमिलनाडु के नेता उत्तर भारत और हिंदीभाषी लोगों के बारे में ऐसे अपमानजनक बयान देते रहते हैं? संभव है कि यह उन्हें अपनी स्थानीय राजनीति को बचाने का जरिया लगता हो, लेकिन एक बड़े तबके के प्रति उपेक्षा या उपहास का भाव दर्शा कर वे अपनी विचारधारा और राजनीति की किस सीमा को जाहिर करते हैं! विडंबना है कि दयानिधि मारन जिन तबकों को कमतर बता रहे थे, राज्य में उनकी पार्टी उनके हित में ही सामाजिक न्याय का दावा करती है। बिहार और उत्तर प्रदेश से अगर कुछ लोग तमिलनाडु जाकर अपनी जीविका चलाने के लिए मेहनत-मजदूरी करते हैं, तो उन्हें किस तर्क और विचार के आधार पर कमतर माना जाना चाहिए?

**Quote...**

"Life is either a daring adventure or nothing at all."
-Helen Keller

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**हमारे अन्दर के लोह तत्व को मजबूत रखने के लिए तीन चीजे दी गयी हैं... संयम, तप और श्रम।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# वास्तु: नए साल से पहले ही घर से बाहर निकाल दें ये चीजें, बढ़ेगी बरकत, दूर होगी कंगाली



घर का वास्तु सही ना हो तो व्यक्ति को जीवन में कई मुश्किलें झेलनी पड़ सकती हैं। वास्तु दोष का असर व्यक्ति के जीवन पर भी पड़ता है। जाने अनजाने में हम घर में ऐसे कई चीजे रख देते हैं, जिससे नकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ने लगता है और बैड लक को अट्रैक्ट करता है। जल्द ही नए साल की शुरुआत होने वाली है। इसलिए अगर आप भी कंगाली से परेशान हैं तो नए साल से पहले ही अपने घर में मौजूद इन चीजों को बाहर निकाल फेंके-

### ◆ मुरझाए पौधे

घर में मुरझाए पौधे रखना शुभ नहीं माना जाता है। वहीं, घर के किसी भी कोने में सूखे हुए काँटेदार पौधे नहीं रखना चाहिए। इससे घर में नेगेटिव एनर्जी प्रवेश करती है।

### ◆ बंद घड़ी

कभी भी दीवारों पर बंद घड़ी नहीं लगानी चाहिए। खासतौर पर सुबह उठने के बाद बंद घड़ी देखने से आपके भाग्य के दरवाजे पर भी ताल लग सकता है। घर के किसी भी कोने में बंद घड़ी रखना शुभ नहीं माना जाता है। न ही कलाई पर बंद घड़ी बांधनी चाहिए।

### ◆ फटी-टूटी तस्वीरें

ज्यादातर लोग अपने घर को एस्थेटिक लुक देने के लिए तस्वीरें लगाते हैं। वहीं, घर में टूटी-फूटी या फटी हुई तस्वीर बिल्कुल भी नहीं लगानी चाहिए। इससे घर-परिवार में कलह-क्लेश का माहौल बनता है। युद्ध की तस्वीर भी घर में झगड़े का कारण बनती है।

### ◆ टूटा कांच

घर के किसी भी कोने में टूटा हुआ कांच या शीशा नहीं रखना या लगाना चाहिए। टूटा हुआ कांच नकारात्मक ऊर्जा का केंद्र बनता है।

### ◆ फटे-पुराने कपड़े

कई बार लोग जल्दबाजी के चक्कर में या फिर आलस के चक्कर में गंदे, कटे-फटे कपड़े इक्कट्ठा करके रखते हैं। आपकी ये गलती वास्तु दोष के साथ-साथ सूर्य दोष का कारण भी बन सकती है।

## Highlights

1. Weather update: varied temperatures and fog alerts across India
2. Govt to sell 'Bharat' rice at ₹25/kg: Report
3. ED arrests key accused in illegal forex trading case
4. Ex-cricketer who cheated 5-star hotels, Rishabh Pant of ₹1.63 crore arrested
5. Forensic team finds 2-dozen pellets outside Israel Embassy: Reports
6. ED cracks down on forex irregularities

# Zomato receives show cause notice of ₹402 crore over unpaid GST, says 'not liable to pay'

**NEW DEIHI, (Agency).** Food delivery service Zomato said on Wednesday that it received a show cause notice by the Directorate General of GST Intelligence for non payment of Central Goods and Services Tax (GST) on delivery charges in the past.

The show cause notice issued to Zomato asked the Gurugram-based company to respond to why they haven't paid an alleged tax liability of nearly ₹402 crore, along with the interest and penalty.

The notice has demanded Zomato to show cause for not paying GST of ₹402 crore, collected allegedly on the delivery charges paid by customers. The GST charges are for the period 29 October 2019 to 31 March 2022.

This comes months after a show cause notice was issued to Zomato's rival Swiggy, demanding a GST worth hundreds of crores imposed on delivery charges.

However, Zomato responded to the notice on




Wednesday and said that the company is "not liable to pay any tax" on the delivery charges, as the amount is collected by the food delivery app on behalf of the delivery partners.

Zomato's response to ₹402 crore GST demand

Responding to the show cause notice issued by the DG of GST Intelligence, Gurugram-based firm Zomato said that the company is not liable to pay the ₹402 crore GST on delivery charges.

The firm explained that the delivery charges are collected by app on behalf of the partners, and the mutually agreed upon conditions state that the he delivery partners have provided the delivery services to the customers and not Zomato.

The notice by the food delivery company further reads, "This is also supported by opinions from our external legal and tax advisors. The Company will be filing an appropriate response to the SCN."

Food delivery platforms like Zomato and Swiggy have been liable to pay GST to the Centre on behalf of the restaurants for sales made through the app since January 1, 2022.

# After Wipro, Infosys joins poaching war against Cognizant as it loses four executives

**NEW DEIHI, (Agency)** The war between major league IT firms and Cognizant seems to be intensifying as Infosys sent a notice to the firm, soon after IT giant Wipro had sued two of its former executives just days after joining Cognizant.

Wipro filed a lawsuit against former Chief Executive Officer Jatin Dalal and executives Mohd Haque just days after they joined




Cognizant. Now, Infosys has also sent a letter to the firm, accusing it of poaching valuable employees.

In its notice, Infosys has accused Cognizant of using "unethical poaching techniques" after a few of its top management executives joined the firm, reported Moneycontrol. Till now, four top executives from Infosys have joined Cognizant.

"Non-compete clauses are not enforceable but this communication to Cognizant was more of a deterrent," said a source quoted by Moneycontrol. This comes shortly after Cognizant completed its hiring of over 20 people in top management positions.

Poaching wars against Cognizant

Former Infosys executive and current Cognizant CEO Ravi Kumar has till now hired 20 people as executive vice presidents and four vice presidents in the company. A majority of these top managers are from Infosys and Wipro, which is why the two companies are now going after Cognizant.

# दलित नेता ने सौंपा पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मायरा प्लास्टिक संचालक स्व. शेलेंद्र पिता बाबूलाल चौहान ने 23/9/22 को जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली थी।**

दिवाली की सफ़ाई के दौरान शेलेन्द्र का सुसाइड लेटर बड़े भाई जितेन्द्र चौहान को मिला जिसमे वाणिज्यकर अधिकारी पारुल अग्रवाल, राघवेंद्र रावत, इन्द्रेश तिवारी, रामराज यादव द्वारा फ़र्म पर छापामार कार्यवाही पश्चात् बारबार प्रताडित किया जा रहा था। सुसाइड लेटर में अपनी मौत का जिम्मेदार शेलेंद्र ने पारुल अग्रवाल, राघवेंद्र रावत, इंद्रेश तिवारी, और रामराज यादव, को ठहराया।

प्रथम द्रष्टया मामले की शिकायत परिजनों ने वाणिज्यकर आयुक्त लोकेश जाटव को की। उन्होंने घटना की विभागीय जाँच के लिए 8 दिन का समय दिया था परन्तु एक माह पश्चात भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला तो पीडित परिजन अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार से मिले और घटना की जानकारी दी। तत्काल परमार अपने पदाधिकारीयो को लेकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुँचे और मकरंद देऊस्कर से मुलाक़ात कर घटना की जानकारी दी तत्पश्चात् कमिश्नर ने मामले की जाँच हेतू डीसीपी अभिषेक आनंद को निर्देशित किया। डीसीपी ने थाना विजय नगर को मामले में शीघ्र अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिये एवं समाजजनों को आश्वस्त किया कि कोई भी आरोपी नहीं बख्शा जाएगा घटना की निष्पक्ष जाँच होगी । आरोपी कितने भी प्रभावशाली हो। उन पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। तत्पश्चात् परिजन विजयनगर थाना प्रभारी रवींद्र गुर्जर से मिले और उन्हें मृतक शैलेंद्र चौहान द्वारा लिखा गया सुसाइड लेटर जब्त कराया और परिजनों ने घटना से संबधित जानकारी पुलिस को दिये। इस दौरान मुख्य रूप से मृतक के भाई जितेंद्र चौहान, सन्नी गवली, ऋषित मालवीय, विशाल चौहान, राज परमार, सुरेश मालवीय, प्रदीप मालवीय, राकेश सोलंकी, अनिल सोलंकी, सचिन सिंदल, प्रशांत चौहान, उत्सव सोलंकी, कैलाश मालवीय सहित सैकड़ों की संख्या में समाजजन उपस्थित हुए।



# संघ प्रचारक को गला काटने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ थाने में एक संघ प्रचारक ने जान से मारने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज कराया है। आरोपी ने स्कूल में जाने की बात पर मोबाइल पर कॉल कर धमकाया। पुलिस मामले में आरोपी की तलाश कर रही है।**

भंवरकुआ पुलिस ने संघ के प्रचारक राहुल सेंगर निवासी श्रीयंत्र नगर की शिकायत पर अनिल पाल निवासी रानी बाग कॉलोनी के खिलाफ मोबाइल पर कॉल कर धमकी देने और जातिगत शब्दों का उपयोग करने के मामले में केस दर्ज कराया है। राहुल सेंगर के मुताबिक वह आरएसएस के प्रचारक है। बुधवार को अपने घर पर बैठे थे। तभी उन्हें अनिल पाल के मोबाइल नंबर से कॉल आया ओर नाम बताते हुए लिटिल पाल स्कूल में जाने की बात पर धमकाया और कहा कि अब गए तो गला काट देंगे। संघ प्रचारक ने इस दौरान अपने मोबाइल में आडियो भी रिकार्ड कर लिया। उन्होंने बताया कि अनिल ने बातचीत के दौरान कई जाति सूचक शब्दों का भी उपयोग किया। पुलिस ने इस मामले में धमकाने ओर एसटीएससी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## सड़क हादसे में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। बिचौली हप्सी निवासी सुमित पिता सिद्धार्थ बरडे अपने साले कमल के साथ बेड़ीया के पास गवालू गांव जा रहा था। मंगलवार रात करीब 10 बजे किसी अज्ञात वाहन ने ग्वालू घाट पर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान दोनों को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने सुमित को मृत घोषित कर दिया। जबकि कमल को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। घटना की जानकारी लगने के बाद सुमित के परिजन देर रात बड़वाह सिविल अस्पताल पहुंचे। पिता ने बताया की कुछ समय पहले सुमित की सगाई हुई थी। दो माह बाद उसकी शादी होने वाली थी, सुमित पेशे से चालक था।

## 15 दिन से लापता नाबालिग का शव मिला

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में मंगलवार को झाडियों में एक नाबालिग लडक़ी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव कई दिन पुराना होने से सड़ चुका था और जानवरों ने शरीर के कुछ अंगों को खा लिया था। पास ही मिली चप्पल और कपड़ों के आधार पर पुलिस ने युवती की पहचान की है। पुलिस का मानना है कि युवती से रेप की बाद उसकी हत्या की गई है। नाबालिग की पहचान नंदबाग में रहने वाली नाबालिग के रूप में की गई। इस मामले में पुलिस ने कुछ युवकों को भी हिरासत में लिया है। पेशे से मजदूर पिता ने कपड़े और चप्पल देखकर उसकी पहचान 14 साल की बेटी के रूप में की। वह घर से 12 दिसंबर को निकली थी। वापस नहीं आने पर पिता ने बाणगंगा थाने में 13 दिसंबर को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जांच अफसर ने फुटेज निकाले तो लडक़ी अकेले कैमरे में जाती दिखाई दे रही थी। इसके 15 दिन बाद उसका शव मिला। बेटी का शव देखकर पिता और परिवार के दूसरे लोग परेशान हो गए। उसकी मां की मौत पहले ही हो चुकी है।

# चंदन नगर के दो सिपाही सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पंजाब ट्रेवल्स की बस से 14 लाख रुपए की हेराफेरी के मामले में चंदन नगर पुलिस के ही दो पुलिसकर्मियों पर जांच बैठ गई। बताया जाता है कि दोनों ने बस को चैकिंग के लिए रोका और उसमें से एक पार्सल उठा ले गए। शिकायत के बाद जब चंदन नगर पुलिस ने ड्रायवर से पूछताछ की। तब ड्राइवर ने ही इस बात का खुलासा किया। हालांकि दोनों पुलिसकर्मियों ने रुपए अपने पास नहीं होने की बात कही है। इधर, बुधवार देर रात तक पूछताछ के बाद दोनों सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया गया। डीसीपी राजेश सिंह ने दोनों पर कार्रवाई की बात कही है। चंदन नगर थाने पर 25 दिसंबर को अंकित जैन निवासी स्कीम नंबर 71 ने शिकायत दर्ज कराई। कहा कि आईटी पार्क जवाहर टेकरी पर 23 दिसंबर की रात पंजाब ट्रेवल्स की बस के ड्राइवर को भाविक पटेल ने बंद पैकेट दिया। इसमें 14 लाख रुपए रखे थे। भाविक ने कहा कि इसे अहमदाबाद के कन्हैयालाल पटेल को देना है। दो दिन बाद 25 दिसबर को कन्हैयालाल पटेल ने अंकित को बताया कि बस ड्राइवर ने उन्हें कोई रुपए नहीं दिए। इसके बाद ड्राइवर का मोबाइल पर कॉल किया तो वह बंद मिला। इस मामले में ड्राइवर तिवारी को बुधवार को सिपाही थाने लेकर आए। ड्राइवर जब थाने पहुंचा तो उसने टीआई इंद्रमणि पटेल के सामने कहा कि उसकी बस पर दो सिपाही आए और पार्सल उठाकर ले गए। इस पर वरिष्ठ अफसरों को जानकारी दी गई। थाने पर सभी को बुलाकर शिनाख्त कराई गई। इस दौरान ड्राइवर ने दोनों सिपाही दिनेश और योगेश की पहचान की। दोनों से अफसर ने गुरुवार देर रात तक पूछताछ करते रहे। लेकिन उन्होंने रुपए अपने पास होने की बात से इंकार कर दिया।

## चोरी में महिला कर्मचारी पकड़ाई

**इंदौर।** शापिंग माल से जैकेट और अन्य सामान चोरी के मामले में पुलिस ने एक महिला कर्मचारी पर केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। कनाडिया पुलिस ने बताया कि सोनी गौतम पिता बाबूलाल निवासी रीवा की शिकायत पर आरोपी अर्चना बघेल निवासी ग्राम मोदकानापुर जिला धार के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया गया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक